# बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 12.07.2025 दिन शनिवार को समय अपरान्ह 5.00 बजे जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर जल योजना कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय,कन्नौज में जिलाधिकारी,महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी,महोदय के अतिरिक्त निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. मुख्य विकास अधिकारी,कन्नौज।
2. जिला विकास अधिकारी,कन्नौज।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी,कन्नौज।
4. अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,जनपद कन्नौज।
6. प्रतिनिधि वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।
7. प्रतिनिधि जी0वी0पी0आर0 हैदराबाद।
8. प्रतिनिधि डी0पी0एम0यू0 कन्नौज।
9. प्रतिनिधि टी0पी0आई0,कन्नौज।

बैठक में जिलाधिकारी,महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत निर्णय लिए गये/निर्देश दिए गये।

1–भारत सरकार/दर्पण पोर्टल पर रैकिंगः–समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 261543 है, जो 95.27 प्रतिशत हैं, जो कि प्रदेश में 38वें स्थान पर ही है। 685 के सापेक्ष 375 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 54.74 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 08वें स्थान पर है। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा वी0एस0ए0 इन्फ्रा के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को जनपद की प्रगति और बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये।

1–वी0एस0ए0 इन्फ्राः

वी0एस0ए0 इन्फ्रा के पास 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गॉव एवं 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1376 किमी0 पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 09 किमी0 पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ0एच0टी0सी0 83264 के सापेक्ष 76531 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गॉव के सापेक्ष 41 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं। ओ0एच0टी0 निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी0एस0ए0 इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता, जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि वी0एस0ए0 इन्फ्रा की समस्त परियोजनाओं की फोटोग्राफी कराकर पायी गयी कमियों को दर्शाते हुए इनके विरूद्व शासन/मुख्यालय को अवगत करायें।

विगत बैठक में वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 03 ओ0एच0टी0 ग्राम सरायकायम, दरियापुर पट्टी एवं सीहपुर में स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष सप्ताह में इनके द्वारा 01 ओ0एच0टी0 ग्राम सरायकायम का कार्य पूर्ण कराया गया है। अगले सप्ताह तक 02 ओ0एच0टी0 ग्राम दरियापुर पट्टी एवं सीहपुर का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार गत बैठक में वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा 02 ग्राम जसौरा एवं सरायकायम का सर्टिफिकेशन बढ़ाने का आश्वासन दिया गया,जिसके सापेक्ष इनके द्वारा कोई भी ग्राम में सर्टिफिकेशन का कार्य नहीं कराया गया है। वी0एस0ए0 इन्फ्रा द्वारा अगले सप्ताह तक 02 ग्राम जसौरा एवं सरायकायम का सर्टिफिकेशन कराये जाने का पुनः आश्वासन दिया गया है। वी0एस0ए0 इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इनके विरूद्व कार्यवाहीं हेतु शासन को लिखने हेतु अधि0अभि0 जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया।

2–जी0वी0पी0आर0:–

जी0वी0पी0आर0 की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गॉव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी0 पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी0 पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाइपलाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ0एच0टी0सी0

Scanned with OKEN Scanner

114482 के सापेक्ष 109494 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गाँव के सापेक्ष 187 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं।

विगत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 01 ओ0एच0टी0 ग्राम बारामऊ बांगर में स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था,जिसके सापेक्ष सप्ताह में इनके द्वारा 01 ओ0एच0टी0 ग्राम बारामऊ बांगर में कार्य पूर्ण किया गया। अगले सप्ताह तक 02 ओ0एच0टी0 ग्राम मढ़िया बलीदादपुर एवं बिलन्दपुर का कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। इसी प्रकार गत बैठक में जी0वी0पी0आर0 द्वारा 02 सर्टिफिकेशन ग्राम सुजात नगर एवं बनपुरा नारायनपुर बढ़ाने का आश्वासन दिया गया,जिसके सापेक्ष सप्ताह में इनके द्वारा 03 ग्राम फरीदपुर,दीनपुर एवं रनवीरपुर मे सर्टिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराया गया। अगले सप्ताह तक संस्था द्वारा 02 सर्टिफिकेशन ग्राम भगवन्तपुर एवं प्रानपुर पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

अन्य निर्देश:–

जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता जलनिगम कन्नौज से रोड रेस्टोरेशन ग्रामों के सम्बन्ध में आँकड़े प्रत्येक बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता पर कराया जाए। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि सर्टिफाईड हो चुकी समस्त परियोजनाओं का सत्यापन अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ताओं से कराया जाए,जिससे कि अवशेष कनेक्शन एवं अन्य कमियाँ पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि भौतिक प्रगति के साथ–साथ वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत करें।

2– आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के सम्बन्ध में असन्तुष्ट फीड बैक के दृष्टिगत जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण ससमय किया जाए।

भुगतान की स्थिति पर अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज द्वारा बताया गया कि आंशिक सुधार हुआ है। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा प्राप्त हो रही शिकायतों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों को जे0जे0एम0 पोर्टल खोलकर दिखाते हुए अवगत कराया गया। जिलाधिकारी,महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम कन्नौज को निर्देशित किया गया कि वी0एस0ए0 इन्फ्रा संस्था का कार्य अत्यन्त धीमा होने के कारण इनकी परियोजनाओं की फोटोग्राफी कराते हुए 16 अप्रैल 2025 से अबतक की प्रगति का उल्लेख करते हुए इनके विरूद्व शासन/मुख्यालय को अवगत कराया जाए।

ह0–
(एन0डी0द्विवेदी)
जिला विकास अधिकारी
कन्नौज।

## कार्यालय जिला विकास अधिकारी, जनपद–कन्नौज।

पत्रॉक 439 /जल जीवन मिशन/बैठक–कार्यवृत्त/2025–26 दिनॉक 17/07/2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रवन्ध निदेशक,उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी,महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी,महोदय कन्नौज।
5. अधिशाषी अभियन्ता,जलनिगम (ग्रामीण) कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,जनपद कन्नौज।
8. मेसर्स जी0वी0पी0आर0 इन्जी0 लिमि0 हैदराबाद।
9. मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद।

Digitally signed by
NARENDRA DEV DWIVEDI
Date: 2025.07.17
20:30:00
जिला विकास अधिकारी,
कन्नौज।

Scanned with OKEN Scanner